भारत सरकार

रेल मंत्रालय

राज्य सभा

07.08.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 2349 का उत्तर

झारखंड में कोयला और खनिज उत्पादक क्षेत्रों में माल ढुलाई के साथ-साथ यात्री रेल सेवाओं का विस्तार

2349. श्रीमती महुआ माजी:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने झारखंड के कोयला एवं खनिज उत्पादक क्षेत्रों में माल परिवहन की तुलना में उपलब्ध यात्री रेल सेवाओं का कोई मूल्यांकन किया है;

(ख) यदि हाँ, तो पिछले पाँच वर्षों में झारखंड में प्रारंभ की गई नई यात्री रेल सेवाओं, स्वीकृत नई ट्रेनों तथा लंबित प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार खनन एवं औद्योगिक क्षेत्रों के यात्रियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए झारखंड में नई रेल सेवाएँ प्रारंभ करने अथवा वर्तमान सेवाओं का विस्तार करने पर विचार कर रही है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): चूँकि रेल नेटवर्क विभिन्न राज्यों की सीमाओं के आर-पार फैला होता है, इसलिए रेलगाड़ियों की शुरूआत नेटवर्क की आवश्यकता के अनुसार इन राज्य सीमाओं के आर-पार की जाती है। बहरहाल, भारतीय रेल यात्रियों के लिए संपर्कता में सुधार करने हेतु निरंतर प्रयास कर रही हैं। इस उद्देश्य के लिए, भारतीय रेल ने 01.04.2022 से 30.06.2026 के दौरान झारखंड राज्य में स्थित विभिन्न स्टेशनों को सेवित करने वाली 37 जोड़ी रेलगाड़ियां शुरू की हैं। इनका ब्यौरा नीचे सूचीबद्ध है:

क्र.सं.	**रेलगाड़ी संख्या और नाम**
1	13379/13380 धनबाद - लोकमान्य तिलक (टी) एक्सप्रेस
2	18403/18404 भुवनेश्वर - धनबाद एक्सप्रेस
3	16619/16620 पोत्तनूर - धनबाद अमृत भारत एक्सप्रेस

4	11631/11632 भोपाल - धनबाद एक्सप्रेस
5	63591/63592 आसनसोल - बोकारो स्टील सिटी मेमू
6	63411/63412 साहिबगंज - भागलपुर मेमू
7	63383/63384 वैशाली - कोडरमा मेमू
8	19603/19604 दौराई - गोड्डा एक्सप्रेस
9	68137/68138 टाटानगर - चाईबासा मेमू
10	68127/68128 चाकुलिया - टाटानगर मेमू
11	18629/18630 रांची - गोरखपुर एक्सप्रेस
12	14049-14050 गोड्डा - दिल्ली एक्सप्रेस
13	13427/13428 साहिबगंज - हावड़ा एक्सप्रेस
14	21893/21894 टाटानगर - पटना वंदे भारत एक्सप्रेस
15	21895/21896 टाटानगर - पटना वंदे भारत एक्सप्रेस
16	20893/20894 टाटानगर - पटना वंदे भारत एक्सप्रेस
17	20891/20892 टाटानगर - ब्रह्मपुर वंदे भारत एक्सप्रेस
18	22499/22500 वाराणसी - देवघर वंदे भारत एक्सप्रेस
19	18119/18120 टाटानगर - जयनगर एक्सप्रेस
20	22311/22312 गोड्डा - लोकमान्य तिलक (टी) एक्सप्रेस
21	20887/20888 रांची - वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस
22	13513/13514 आसनसोल-हटिया एक्सप्रेस
23	03785/03786 गोड्डा - देवघर डेमू
24	15925/15926 डिब्रुगढ़ - देवघर एक्सप्रेस
25	15089/15090 गोमती नगर - गोड्डा एक्सप्रेस
26	13333/13334 पटना - दुमका एक्सप्रेस
27	68135/68136 टाटानगर - बदामपहाड़ मेमू
28	68043/68044 राउरकेला - टाटानगर मेमू
29	68133/68134 टाटानगर - बदामपहाड़ मेमू
30	03233/03234 देवघर - जसीडीह मेमू
31	20897/20898 हावड़ा - राँची वंदे भारत एक्सप्रेस
32	18617/18618 रांची - न्यू गिरिडीह एक्सप्रेस
33	22349/22350 पटना - राँची वंदे भारत एक्सप्रेस
34	13229/13230 राजेंद्र नगर - गोड्डा एक्सप्रेस
35	18185/18186 टाटानगर - गोड्डा एक्सप्रेस
36	22305/22306 एसएमवीटी बेंगलुरु - जसीडीह एक्सप्रेस
37	73433/73434 सुल्तानगंज - देवघर डेमू

इसके अलावा, यात्रियों के यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने की दृष्टि से, भारतीय रेल ने आधुनिक सवारी डिब्बे, उन्नत संरक्षा विशेषताएं और यात्री सुविधाओं वाली स्वदेशी रूप से डिजाइन और विनिर्मित वंदे भारत रेलगाड़ियां (कुर्सी यान और शयनयान) और अमृत भारत एक्सप्रेस सेवाओं की शुरुआत की है।

वर्तमान में, भारतीय रेल नेटवर्क पर 81 जोड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस (कुर्सी यान), 01 जोड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस (स्लीपर) और 36 जोड़ी अमृत भारत एक्सप्रेस का परिचालन किया जा रहा है। इनमें से 12 जोड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस (कुर्सी यान) और 05 जोड़ी अमृत भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ियां झारखंड राज्य में स्थित स्टेशनों के यात्रियों की आवश्यकताओं को पूरा कर रही हैं। इन्हें नीचे सूचीबद्ध किया गया है:

झारखंड को सेवित करने वाली वंदे भारत रेलगाड़ियों का सूची:

क्र.सं.	**रेलगाड़ी संख्या और नाम**
1	22349/22350 पटना - राँची वंदे भारत एक्सप्रेस
2	22347/22348 हावड़ा - पटना वंदे भारत एक्सप्रेस
3	20897/20898 हावड़ा - पटना वंदे भारत एक्सप्रेस
4	20887/20888 रांची - वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस
5	22499/22500 देवघर - वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस
6	22309/22310 हावड़ा - जमालपुर वंदे भारत एक्सप्रेस
7	20871/20872 हावड़ा - राउरकेला वंदे भारत एक्सप्रेस
8	20893/20894 टाटानगर - पटना वंदे भारत एक्सप्रेस
9	20891/20892 टाटानगर - ब्रह्मपुर वंदे भारत एक्सप्रेस
10	22303/22304 हावड़ा - गया वंदे भारत एक्सप्रेस
11	21893/21894 टाटानगर - पटना वंदे भारत एक्सप्रेस
12	21895/21896 टाटानगर - पटना वंदे भारत एक्सप्रेस

झारखंड को सेवित करने वाली अमृत भारत रेलगाड़ियों का सूची:

क्र.सं.	**रेलगाड़ी संख्या और नाम**
1	13433/13434 एसएमवीटी बेंगलुरु - मालदा टाउन अमृत भारत एक्सप्रेस
2	13435/13436 मालदा टाउन - गोमतीनगर अमृत भारत एक्सप्रेस
3	13065/13066 हावड़ा - आनंद विहार (टी) अमृत भारत एक्सप्रेस
4	22587/22588 सियालदह - बनारस अमृत भारत एक्सप्रेस
5	16619/16620 पोत्तनूर - धनबाद अमृत भारत एक्सप्रेस

रेलवे बोर्ड, क्षेत्रीय रेलों, मंडल कार्यालयों आदि सहित विभिन्न स्तरों पर संसद सदस्यों, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, संगठनों/रेल उपयोगकर्ताओं आदि से अन्य बातों के साथ-साथ रेलगाड़ियों को शुरू करने के लिए औपचारिक और अनौपचारिक दोनों प्रकार के प्रस्ताव/अनुरोध/सुझाव/अभ्यावेदन

प्राप्त होते हैं। इन प्रस्तावों की जांच की जाती है और यथा व्यवहार्य और औचित्यपूर्ण पाए जाने पर समय-समय पर उचित कार्रवाई की जाती है, जो एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है।

इसके अलावा, नई रेलगाड़ी सेवाएँ शुरू करना एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है, जो विभिन्न कारकों पर निर्भर करती है, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- संबंधित रेलखंड की क्षमता
- पथ की उपलब्धता
- आवश्यक चल स्टॉक की उपलब्धता
- चल स्टॉक के लिए समान अवसंरचना की उपलब्धता
- रेलपथ और अन्य परिसंपत्तियों की अनुरक्षण आवश्यकता
- रेलखंड का अधिभोग और यातायात आवश्यकता।

झारखंड में अवसंरचना परियोजनाएं:

रेल बजट:

हाल के वर्षों में बजट आबंटन में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। झारखंड राज्य में पूर्णतः/अंशतः पड़ने वाली अवसरंचना परियोजनाओं के लिए बजट आबंटन का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

अवधि	परिव्यय
2009-14	457 करोड़ रुपए प्रति वर्ष
2026-27	7,536 करोड़ रुपए (लगभग 16 गुना)

रेलपथ निर्माण:

झारखंड राज्य में पूर्णतः/अंशतः पड़ने वाले नए रेलपथों के निर्माण का ब्यौरा निम्नानुसार है:

अवधि	कमीशन किए गए नए रेलपथ	नये रेलपथों की औसत कमीशनिंग
2009-14	287 कि.मी.	57 कि.मी. प्रति वर्ष
2014-26	1,371 कि.मी.	114 कि.मी. प्रति वर्ष (2 गुना)

स्वीकृत की गई परियोजनाएं:

दिनांक 01.04.2026 की स्थिति के अनुसार, झारखंड राज्य में पूर्णतः/अंशतः पड़ने वाली 60,064 करोड़ रुपए की लागत से कुल 2,887 कि.मी. लंबाई वाली 36 परियोजनाओं (10 नई लाइन और 26 दोहरीकरण) को स्वीकृत किया गया है। जिसका ब्यौरा निम्नानुसार है:

कोटि	**परियोजनाओं की संख्या**	**कुल लंबाई (कि.मी. में)**	**मार्च, 2026 तक कमीशन की गई लंबाई (कि.मी. में)**	**मार्च, 2026 तक कुल व्यय (करोड़ रु. में)**
नई लाइन	10	753	156	4,853
दोहरीकरण/बहुपथन	26	2,133	458	13,558
कुल	**36**	**2,887**	**615**	**18,411**

हाल ही में पूरी की गई परियोजनाएं:

झारखंड राज्य में पूर्णतः/अंशतः पड़ने वाली तथा हाल ही में पूरी की गई कुछ परियोजनाओं का ब्यौरा निम्नानुसार है:

क्र.सं.	परियोजना का नाम	लागत (करोड़ रुपए में)
1	मंदारहिल-रामपुरहाट नई लाइन (130 कि.मी.)	908
2	गिरिडीह-कोडरमा नई लाइन (111 कि.मी.)	404
3	कोडरमा-राँची नई लाइन (202 कि.मी.)	3,800
4	राँची-लोहरदगा आमान परिवर्तन (111 कि.मी.)	665
5	साहिबगंज-पीरपैंती दोहरीकरण (23 कि.मी.)	129
6	तीनपहाड़-साहिबगंज दोहरीकरण (38 कि.मी.)	246
7	सीनी-आदित्यपुर दोहरीकरण (23 कि.मी.)	215
8	गोइलकेरा-मनोहरपुर दोहरीकरण (28 कि.मी.)	425
9	डांगोवापोसी-राजखरसवां तीसरी लाइन (75 कि.मी.)	629
10	दनिया-राँची रोड दोहरीकरण (25 कि.मी.)	324
11	चक्रधरपुर - गोइलकेरा तीसरी लाइन (34 कि.मी.)	383
12	गढ़वा रोड - रमना दोहरीकरण (32 कि.मी.)	427
13	मनोहरपुर-बन्डामुन्डा तीसरी लाइन (30 कि.मी.)	359
14	जरंगडीह- दनिया कहीं-कहीं दोहरीकरण (29 कि.मी.)	500
15	राँची रोड - पतरातू दोहरीकरण (31 कि.मी.)	348
16	तालगड़िया-बोकारो दोहरीकरण (38 कि.मी.)	514
17	रमना-सिंगरौली दोहरीकरण (160 कि.मी.)	2,436

चालू परियोजनाएं:

झारखंड राज्य में पूर्णतः/अंशत: पड़ने वाली शुरू की गई कुछ परियोजनाओं का ब्यौरा निम्नानुसार है:

क्र.सं.	परियोजना	लागत (करोड़ रुपए में)
1	कोडरमा-तिलैया नई लाइन (62 कि.मी.)	2,287
2	बुढ़ामरा-चाकुलिया नई लाइन (60 कि.मी.)	1,459
3	धनबाद-सोननगर तीसरी लाइन (291 कि.मी.)	7,906
4	बन्डामुन्डा-राँची दोहरीकरण (159 कि.मी.)	3,029
5	खड़गपुर -आदित्यपुर तीसरी लाइन (132 कि.मी.)	3,450
6	चाण्डिल- बर्नपुर तीसरी लाइन (121 कि.मी.)	1,932
7	कोडरमा -बरकाकाना दोहरीकरण (133 कि.मी.)	2,887

8	भागलपुर-रामपुरहाट दोहरीकरण (177 कि.मी.)	3,169
9	गम्हरिया- चाण्डिल तीसरी और चौथी लाइन (26 कि.मी.)	1,168
10	बरबेंदा-डामरुघुटू दोहरीकरण (52 कि.मी.)	815
11	डांगोवापोसी-जरोली तीसरी और चौथी लाइन (43 कि.मी.)	1,638

पिछले तीन वर्षों (अर्थात 2023-2024, 2024-25, 2025-2026 और चालू वित्तीय वर्ष अर्थात 2026-27) के दौरान, झारखंड राज्य में पूर्णतः/अंशतः पड़ने वाली कुल 908 किलोमीटर लंबाई वाले 25 सर्वेक्षणों (01 नई लाइन, 24 दोहरीकरण) को स्वीकृति प्रदान की गई है।

रेल परियोजनाओं का क्षेत्रीय रेल-वार ब्यौरा भारतीय रेल की वेबसाइट पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराया गया है।

किसी भी रेल परियोजना की स्वीकृति कई मानदंडों/कारकों पर निर्भर करती है, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- प्रत्याशित यातायात पूर्वानुमान और प्रस्तावित मार्ग की लाभप्रदता
- परियोजना द्वारा प्रदान की गई पहली और अंतिम मील संपर्कता
- अनुपलब्ध कड़ियों को जोड़ना और अतिरिक्त मार्ग प्रदान करना
- संकुलित/संतृप्त लाइनों का संवर्द्धन
- राज्य सरकारों/केंद्रीय मंत्रालयों/जन प्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई मांगें
- रेलवे की अपनी परिचालन संबंधी आवश्यकताएँ
- सामाजिक-आर्थिक महत्व
- निधियों की समग्र उपलब्धता

रेल परियोजना/परियोजनाओं का पूरा होना कई कारकों पर निर्भर करता है जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- राज्य सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण
- वन संबंधी मंजूरी
- अतिलंघनकारी जनोपयोगी सुविधाओं का स्थानांतरण
- विभिन्न प्राधिकरणों से सांविधिक मंजूरियाँ
- क्षेत्र की भूविज्ञानी और स्थलाकृतिक स्थिति
- परियोजना स्थल के क्षेत्र में कानून और व्यवस्था की स्थिति
- विशिष्ट परियोजना स्थल आदि के लिए वर्ष में कार्य करने वाले महीनों की संख्या

ये सभी कारक परियोजना/परियोजनाओं के समापन समय और लागत को प्रभावित करते हैं।

******